11. 'रिपोर्ताज' को परिभाषित करते हुए हिन्दी में रिपोर्ताज लेखन की परम्परा का उल्लेख कीजिए।

12. 'छायावाद' की परिभाषा बताते हुए छायावादी काव्यधारा की प्रमुख स्थापनाओं पर सोदाहरण प्रकाश डालिए।

13. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** पर टिप्पणियाँ लिखिए :

(i) नाथ साहित्य

(ii) जैन साहित्य

(iii) नई कहानी

(iv) कहानी एवं उपन्यास में अन्तर

MAHD–03

June – Examination 2024

M.A. (Previous) Examination

HINDI

(हिन्दी साहित्य का इतिहास)

Paper : MAHD-03

*Time : **3** Hours*] [*Maximum Marks : **80***

निर्देश :- यह प्रश्न-पत्र 'अ', 'ब' और 'स' तीन खण्डों में विभाजित है। प्रत्येक खण्ड के निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

खण्ड—अ **8×2=16**

(अति लघु उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश :- सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने उत्तर को प्रश्नानुसार एक शब्द, एक वाक्य या अधिकतम **30** शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है।

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(i) आदिकाल को 'चारणकाल' नाम से किसने और क्यों कहा ?

(ii) किन्हीं **चार** रासो ग्रन्थों के नाम लिखिए।

(iii) सूफी काव्य धारा के किन्हीं **तीन** कवियों के नाम बताइए।

(iv) रीतिबद्ध काव्य एवं रीति मुक्त का अन्तर बताइए।

(v) सचेतन कहानी के **दो** कहानीकारों के नाम लिखिए।

(vi) प्रयोगवाद के प्रवर्तक का नाम बताते हुए किन्हीं **चार** कवियों का नाम बताइए।

(vii) जयशंकर प्रसाद के **चार** नाटकों के नाम लिखिए।

(viii) साठोत्तरी कविता से क्या तात्पर्य है ?

खण्ड—ब **4×8=32**

(लघु उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश :- किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने उत्तर को अधिकतम **200** शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न 8 अंक का है।

2. आदिकाल के नामकरण के सम्बन्ध में प्रचलित विभिन्न मतों का उल्लेख करते हुए अपना मत प्रस्तुत कीजिए।

3. सगुण भक्ति काव्य धारा की प्रमुख विशेषताएँ लिखिए।

4. रीतिसिद्ध काव्य धारा से क्या तात्पर्य है ? स्पष्ट करते हुए प्रमुख कवि का परिचय दीजिए।

5. नई कविता के नामकरण पर विचार करते हुए प्रमुख विशेषताएँ लिखिए।

6. हिन्दी निबन्ध के विकास में आचार्य रामचन्द्र शुक्ल के योगदान को रेखांकित कीजिए।

7. आंचलिक उपन्यास किसे कहते हैं ? आंचलिक उपन्यासों की प्रवृत्तियों पर प्रकाश डालिए।

8. "विद्यापति भक्त कवि हैं या श्रृंगारिक कवि।" उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

9. हिन्दी आलोचना के प्रकारों को समझाइए।

खण्ड—स **2×16=32**

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश :- किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने उत्तर को अधिकतम **500** शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न 16 अंक का है।

10. 'सूफी' शब्द की व्युत्पत्ति एवं अर्थ बताते हुए सूफी काव्य की प्रमुख विशेषताएँ सोदाहरण लिखिए।